# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

13 नवंबर 2024, बुधवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा महाराष्ट्र के शिंदखेड़ा, चालीसगांव और जिंतूर में आयोजित विशाल जनसभाओं के दौरान संबोधन के मुख्य बिंदु

**23 नवंबर को MVA का सूपड़ा साफ होगा और मोदी जी के नेतृत्व में फिर से महायुति की सरकार बनेगी।**

***************

**महायुति का मतलब है विकास और महाअघाड़ी का मतलब है विनाश।**

***************

**एक ओर महाअघाड़ी का खेमा है जो औरंगजेब फैन क्लब है तो दूसरी ओर छत्रपति शिवाजी महाराज और वीर सावरकर जी के सिद्धांतों पर चलने वाली महायुति है।**

***************

**राहुल बाबा नाम के प्लेन को 20 बार लॉन्च कराने का प्रयास किया गया लेकिन हर बार ये प्लेन क्रैश हो गया। महाराष्ट्र में 21वीं बार भी ये प्लेन क्रैश होना तय है।**

***************

**अघाड़ी सरकार में महाराष्ट्र का खजाना दिल्ली की कांग्रेस को जाएगा और महायुति सरकार में मोदी जी दिल्ली का खजाना महाराष्ट्र लाएँगे।**

***************

**कांग्रेस ने कभी परिवार से आगे नहीं सोचा और संस्थानों के नाम परिवार के नाम पर रखे।**

***************

**भाजपा शिवाजी महाराज के स्वराज, स्वधर्म और स्वभाषा के रास्ते पर चलती है।**

***************

**रामगिरी महाराज के खिलाफ बयान देने वाली और शिंदखेडा में दंगे कराने वाली MVA ऐसे लोगों को बढ़ावा दे रही है जो महाराष्ट्र की संस्कृति के खिलाफ हैं।**

***************

**उद्धव ठाकरे ने सत्ता के लालच में बाला साहेब के सारे सिद्धांतों से समझौता कर लिया है। वे हिंदुओं को आतंकवादी कहने वालों के साथ खड़े हैं।**

***************

**भाजपा के संकल्प और वादे पत्थर की लकीर हैं जबकि कांग्रेस के वादे कोरा झूठ जिस पर उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी यकीन नहीं है।**

***************

**राहुल गांधी खाली पेज वाले नकली संविधान की प्रतियां लहरा रहे हैं और बाबा साहेब का अपमान कर रहे हैं।**

***************

**राहुल गाँधी कहते हैं कि देवता भगवान नहीं होते, देवी भगवती नहीं होती। राहुल गाँधी की बातें उनके अलावा किसी दूसरे को समझ नहीं आती।**

***************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज बुधवार को महाराष्ट्र के शिंदखेड़ा, चालीसगांव और जिंतूर में आयोजित विशाल चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया और डबल इंजन वाली भाजपा-नीत एनडीए सरकार के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए भ्रष्टाचारी एवं विकास विरोधी महाअघाड़ी की जमकर आलोचना की। कार्यक्रम में पार्टी के स्थानीय प्रत्याशी एवं वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **पूरे महाराष्ट्र में घूमने के बाद यह स्पष्ट हो चुका है कि 23 तारीख को महाविकास अघाड़ी का सूपड़ा साफ होने वाला है और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में महायुति की सरकार बनने वाली है।** कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा में भी गलत वादे किए थे और चुनाव परिणामों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। झारखंड में भी 80 में से 50 से अधिक सीटें भारतीय जनता पार्टी जीतने वाली है। पूरे देश की 140 करोड़ की जनता श्री नरेन्द्र मोदी जी और एनडीए के साथ है, महाराष्ट्र की सभी लाडली बहना भी भारतीय जनता पार्टी के साथ हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज के सिद्धांतों पर चलते हुए महाराष्ट्र का कल्याण केवल महायुति सरकार ही कर सकती है। प्रदेश के गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं का विकास और सम्मान आदरणीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ही सुनिश्चित कर सकती है। महाराष्ट्र को बम धमाकों से सुरक्षित रखने का कार्य भी महायुति सरकार ही कर सकती है। कांग्रेस पार्टी का देश एवं महाराष्ट्र की संस्कृति से कोई लेना-देना नहीं है। इनके नेता राहुल गांधी कहते हैं कि देवता का अर्थ भगवान और देवी का अर्थ भगवती नहीं होता। राहुल गांधी ऐसी बातें केवल खुद ही समझते हैं, क्योंकि उनकी बातें किसी और के समझ में नहीं आतीं। **सोनिया गांधी जी ने राहुल बाबा नाम के प्लेन को 20 बार लैंड कराने का प्रयास किया और 20 बार ये प्लेन क्रैश हो गया।** अब फिर से महाराष्ट्र में महाअघाड़ी के बलबूते पर 21वीं बार लैंडिंग का प्रयास हो रहा है **लेकिन 21वीं बार भी ये प्लेन क्रैश होना तय है, क्योंकि महाराष्ट्र में महायुति की सरकार बननी तय है।**

श्री शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे और उप-मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फड़णवीस जी लाडली बहनों को जब चेक भेजते हैं तो महाअघाड़ी के नेता इसका विरोध करते हैं। जिन्हें विरोध करना है वे करते रहें लेकिन महायुति की सरकार बनते ही हर बहन के खाते में हर महीने 2100 रुपये जमा किए जाएंगे। **इस बार महाराष्ट्र में महायुति सबसे अधिक सीटों के साथ सरकार बनाने जा रही है। अघाड़ी वालों ने रामगिरि महाराज के खिलाफ बयान दिया और शिंदखेड़ा में दंगे कराने वालों ऐसे तत्वों का समर्थन कर रहे हैं जो देश और राज्य की सेहत के लिए अच्छे नहीं हैं।** कांग्रेस पार्टी पिछड़ा वर्ग विरोधी पार्टी है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक गरीब आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाने का कार्य किया, अपने मंत्रिमंडल में 27% मंत्री पिछड़े वर्ग के शामिल किए, दलित समुदाय के सबसे अधिक सांसद भारतीय जनता पार्टी के हैं और केन्द्र सरकार ने नीट, आईआईटी, नवोदय विद्यालय और सैनिक स्कूलों में पिछड़े वर्ग को 27% आरक्षण देने का कार्य किया है। **कुछ दिनों पहले महाराष्ट्र में उलेमाओं के एक समूह ने कांग्रेस को एक आवेदन पत्र दिया है, जिसमें मुस्लिम समाज के लिए 10% आरक्षण की मांग की गई। संविधान के अनुसार देश में 50% का सीमित आरक्षण पहले ही दिया जा चुका है और अब जिस 10% आरक्षण की बढ़ोतरी की मांग की जा रही है, वो देने के लिए दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों का आरक्षण काटा जाएगा। राहुल गांधी कान खोल कर सुन लें, उनकी चौथी पीढ़ी भी आ जाएगी तब भी मुसलमानों को अलग से आरक्षण नहीं देने दिया जाएगा।**

केंद्रीयगृह मंत्री ने कहा कि **राहुल गांधी जम्मू और कश्मीर की विधानसभा में धारा 370 की पुनः बहाली वाले प्रस्ताव के समर्थन में खड़े रहे। राहुल गांधी की बात तो दूर है, स्वर्ग से स्वयं इंदिरा गांधी जी भी वापस आ जाएं तो भी धारा 370 की वापसी नहीं होने दी जाएगी। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और उसे भारत से कोई नहीं छीन सकता। यूपीए सरकार में गृह मंत्री रहे सुशील शिंदे जी ने कुछ दिनों पहले बयान दिया था कि जब वो गृहमंत्री थे तो उन्हें कश्मीर जाने में डर लगता था।** शिंदे साहब, अब आप पोते-पोतियों के साथ कश्मीर घूमने जाइए, आपका बाल भी बांका नहीं होगा। 10 वर्षों तक सोनिया मनमोहन की सरकार के दौरान आतंकी पाकिस्तान से आकर बम धमाके करते थे और सुरक्षित निकल जाते थे। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल में पाकिस्तान से आए आतंकियों ने उरी और पुलवामा में हमला करने की गलती की तो 10 ही दिनों के भीतर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकियों का सफाया कर दिया गया। माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध किया है। **यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में 11वें स्थान पर छोड़ कर गए थे लेकिन श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 10 ही वर्षों में देश का अर्थतंत्र 11वें स्थान से ऊपर उठकर 5वें स्थान पर आ गया और 2027 में देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में तीसरे स्थान पर आ जाएगी।** यह अघाड़ी गठबंधन वाले केवल झूठे वादे करना जानते हैं, **हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी पार्टी को नसीहत दी कि वादे उतने ही किए जाएं जो जीतने के बाद पूरे हो सकें।** कांग्रेस ने जितने वादे कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना में किए थे, उनमें से कोई वादा पूरा नहीं हुआ।

श्री शाह ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी का संकल्प था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाया जाएगा, कांग्रेस पार्टी ने 70 वर्षों तक राम मंदिर के मुद्दे को अटका कर रखा था लेकिन आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद केस भी जीता, भूमि पूजन भी किया, मंदिर निर्माण भी करवाया और मंदिर में प्रभु श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी। भाजपा का उपहास करने वाले राहुल गांधी और शरद पवार आज तक राम मंदिर नहीं गए क्योंकि उन्हें अपने वोट बैंक से डर लगता है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी उस वोट बैंक से नहीं डरती। 550 वर्षों के बाद पहली बार राम लला ने अपनी दिवाली भव्य मंदिर में मनाई।** माननीय प्रधानमंत्री जी ने न सिर्फ राम मंदिर का निर्माण कराया बल्कि औरंगजेब द्वारा तोड़ा गया काशी विश्वनाथ मंदिर का कॉरिडोर बनाने का कार्य भी किया है। सोमनाथ के मंदिर को भी सोने का बनाने का कार्य प्रारंभ हो गया है। **भारतीय जनता पार्टी के संकल्प और वादे पत्थर की लकीर हैं**। अभी राज्य में लाडली बहन योजन के तहत महिलाओं को 1500 रुपये दिए जा रहे हैं, महाराष्ट्र की माताएं एक बार पुनः महायुति की सरकार बना दें, 1500 रुपये की राशि को बढ़ाकर 2100 रुपये कर दिया जाएगा। इसके साथ-साथ किसानों की ऋण माफी की जाएगी, किसान सम्मान निधि के तहत मिलने वाले 12 हजार रुपयों को बढ़ाकर 15 हजार किया जाएगा, वृद्ध, विधवा और दिव्यंगों की पेंशन 1500 से बढ़ाकर 2100 रुपये कि जाएगी, 10 लाख युवाओं को 10 हजार रुपये ट्यूशन फीस के लिए दिए जाएंगे, राज्य में 25 लाख रोजगार उत्पन्न दिए जाएंगे, आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को 15 हजार रुपये का वेतन दिया जाएगा और 5 लाख तक का बीमा दिया जाएगा। **महाराष्ट्र को 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का कार्य किया जाएगा। राज्य में AI विद्यालय बनाया जाएगा और किसानों के उपयोग में आने वाली वस्तुओं पर जीएसटी को माफ करने का कार्य भी किया जाएगा**।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **विपक्षी महाविकास अघाड़ी केवल तुष्टिकरण का खेल खेलते रहना चाहती है। उद्धव ठाकरे ने सत्ता की लालच में बाला साहेब के सारे सिद्धांतों से समझौता कर लिया है। उद्धव ठाकरे उन लोगों के साथ बैठे है, जिन्होंने औरंगाबाद का नाम संभाजीनगर करने का विरोध किया, राम मंदिर बनाने का विरोध किया, ट्रिपल तलाक कानून हटाने का विरोध किया, धारा 370 हटाने का विरोध किया, आदरणीय मोदी जी द्वारा पाकिस्तान को करारा जबाव दिया गया तो उसका भी विरोध किया और उन लोगों का साथ दे रहे है जो हिंदुओं को आतंकवादी कहते हैं।** महाराष्ट्र की जनता के सामने अपना और पूरे महाराष्ट्र का हित चुनने के लिए पूर्ण रूप से दो स्पष्ट खेमें है। **एक तरफ महाअघाड़ी का खेमा है जो औरंगजेब फैन क्लब है और दूसरी तरफ छत्रपति शिवाजी महाराज और वीर सावरकर के सिद्धांतों पर चलने वाली महायुति है।** भारतीय जनता पार्टी की महायुती की सरकार ने इस क्षेत्र में ₹200 करोड़ की लागत से अलग-अलग क्षेत्रों को जोड़े जाने वाले सड़क मार्ग को पूरा किया है, दोंडाइचा नगर परिषद की भव्य इमारत बनाई, सिंचाई एवं बिजली के उचित दामों के लिए संघर्ष किया, आशापुरा माता के मंदिर के लिए भी राशि दी, जलगांव-सींखेड़ा-मुंबई के बीच रेलवे का काम भी पूरा किया है, नमो शेतकरी महा सम्मान निधि योजना के तहत 12 हजार रुपए महाराष्ट्र के 1,54,000 किसानों को दिया गया है, 54 गावों को सिंचाई का पानी उपलब्ध कराया गया है। महाराष्ट्र की महायुती सरकार द्वारा ₹7000 करोड़ की लागत से नर-पार-गिरजा नदी को जोड़ने की योजना शुरू की गई है, बुराई नदी के ऊपर बांध का निर्माण किया है, 7,73,000 लोगों के स्वास्थ्य का ₹5 लाख तक का खर्च आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देख रहे है। आप राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना दीजिए 5 लाख तक के स्वास्थ्य के खर्च के अतिरिक्त 5 लाख तक का खर्च भी आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी कि केंद्र सरकार उठाएगी। एक जिले में ही 1,44,000 गरीब परिवारों को मुफ्त गैस सिलेंडर, 2 लाख लोगों को घर, और सिंचाई के लिए 12,000 कुएं उपलब्ध कराए गए हैं, साथ ही सोनगीर से दोंडाइचा तक कंक्रीट रोड का निर्माण किया गया है।

श्री शाह ने कहा कि **महायुति का मतलब है विकास और महाअघाड़ी का मतलब है विनाश। महाराष्ट्र की जनता को चुनना है कि उन्हें विकास करने वाली महायुति की सरकार चाहिए या फिर विनाश करने वाली महाअघाड़ी**। जब राहुल गांधी और शरद पवार वर्ष 2004 से 2014 तक 10 साल के लिए केंद्र में सत्ता में थे, तब महाराष्ट्र को विकास के लिए केवल ₹1,91,000 करोड़ मिले थे। इसके विपरीत, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में, महाराष्ट्र को 2014 से 2024 तक ₹10,15,890 मिले हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ₹70,000 करोड़ के निवेश से वधावन में एशिया के सबसे बड़े बंदरगाह के विकास की देखरेख भी कर रहे हैं। आज पाइपलाइन के माध्यम से 8200 हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई की जा रही है। चालीसगांव, संभाजीनगर, जलगांव और नासिक को जोड़ने वाला रोड बन चुका है। सभी सरकारी कार्यालयों को एक स्थान पर लाकर विधानसभा सचिवालय बनाया गया है। अमृत भारत योजना के तहत 40 गांवों के रेलवे स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। जलगांव जिले में 4,90,000 किसानों को ₹12,000 प्रति वर्ष, कुल ₹1300 करोड़ दिए गए हैं। जिले में 2,92,000 घरों में पाइप से पीने का पानी पहुंचाया गया है, 56 गांवों को तलाटी और मंडल कार्यालय मिले, और 3 लाख घरों में शौचालय बनाए गए। राज्य में ट्रॉमा केयर सेंटर शुरू किए गए और 40 गांवों में बाबा साहेब अंबेडकर के नाम से सामुदायिक भवनों का उद्‌घाटन किया गया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **देश में कई लोग वक्फ कानूनों से परेशान हैं**, हाल ही में कर्नाटक वक्फ बोर्ड ने कई गांवों को वक्फ संपत्ति होने का दावा किया है, इन गांवों में 400 साल पुराने मंदिर, किसानों की जमीन और यहां तक कि लोगों के घर भी शामिल हैं, जिन्हें वक्फ संपत्ति घोषित किया गया है। **भाजपा ने वक्फ कानून में संशोधन के लिए विधेयक पेश किया है लेकिन राहुल गांधी, शरद पवार और उनके सहयोगी इसका विरोध कर रहे** हैं। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वक्फ कानून में संशोधन किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि किसी की जमीन जब्त नहीं की जा सकेगी। कांग्रेस पार्टी केवल झूठे वादे और जनता को गुमराह कर अपनी राजनीति चलाती है। राहुल गांधी संविधान की प्रतियां लहरा रहे हैं और बांट रहे हैं, जब पत्रकारों ने उस प्रति को खोलकर देखा तो वह नकली संविधान निकला जिसके अंदर एक भी शब्द नहीं छपा था और सारे पन्ने कोरे थे। राहुल गांधी ने नकली संविधान दिखाकर देश की जनता का विश्वास तोड़ा है, बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया है।** कांग्रेस की पूरी राजनीति फरेब पर चलती है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश भर से लगभग नक्सलवाद का खात्मा कर दिया है और 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद पूर्ण रूप से समाप्त कर दिया जाएगा। आदरणीय मोदी जी ने चंद्रमा पर भारत के चंद्रयान को सफलतापूर्वक पहुंचा कर दिखाया है और जिस स्थान पर भारत का चंद्रयान लैंड हुआ उसका स्थान शिवशक्ति रखा। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने न केवल भारत देश को सुरक्षित किया है बल्कि समृद्ध बनाने के लिए भी अथक प्रयास किए है। अगर गलती से भी महाअघाड़ी के हाथों में महाराष्ट्र की चाभी आ गई तो वे लोग महाराष्ट्र को कांग्रेस का एटीएम बनाकर रख देगी और जब चाहे महाराष्ट्र का पैसा निकाल कर दिल्ली में कांग्रेस अपनी पार्टी में ट्रांसफर कर लिया करेगी। लेकिन यदि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में महायुती की सरकार बनती है तो महाराष्ट्र के विकास के लिए दिल्ली का खजाना खोला जाएगा।

श्री शाह ने कहा कि 2019 में श्री देवेंद्र फडणवीस ने मराठवाड़ा के लिए 4,000 करोड़ रुपये की जल ग्रिड योजना शुरू की थी, लेकिन महाअघाड़ी सरकार ने इस योजना को रोककर मराठवाड़ा को अकाल की स्थिति में धकेल दिया। महाराष्ट्र की इस भूमि से भाजपा वादा करती है कि जिस तरह पूर्णा नदी और येलदरी बांध के पास दो जिलों को जोड़ने वाला पुल बनाया गया है, उसी प्रकार मराठवाड़ा के हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने का कार्य महायुति की सरकार करेगी। छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा निर्मित किले हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिन्हें संजोने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र की महायुति सरकार 2,000 करोड़ रुपये की लागत से किला विकास प्राधिकरण बनाएगी। जबरन धर्म परिवर्तन रोकने के लिए सख्त कानून लाया जाएगा। एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के युवाओं को छोटे रोजगार स्थापित करने के लिए 15 लाख रुपये तक का ब्याज-मुक्त ऋण भाजपा द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। आप राज्य में भाजपा की सरकार बनाइए, हम वादा करते हैं कि इन "मोदी गारंटियों" को पूरा करेंगे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी ने कभी भी अपने परिवार से आगे नहीं सोचा। पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के नाम पर ही केवल संस्थाएं खोली गई**। भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर महाराष्ट्र विश्वविध्यालय का नाम बहिणाबाई चौधरी विश्वविध्यालय करके उत्तर महाराष्ट्र का सम्मान किया है। **महाराष्ट्र की मराठी भाषा को आदरणीय मोदी जी ने क्लासिकल भाषा का दर्जा देकर महाराष्ट्र का सम्मान किया है। शरद पवार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री भी रहे और केंद्र में मंत्री भी रहे लेकिन कभी मराठी भाषा को क्लासिकल भाषा का दर्जा देने के बारे में नहीं सोचा**। एक विधायक का कर्तव्य जनता के बीच रहना है, लेकिन कोरोना महामारी के दौरान उद्धव ठाकरे गायब थे। वह एकमात्र मुख्यमंत्री थे जिन्होंने महामारी के दौरान घर से बाहर एक कदम नहीं रखा। ऐसे नेता महाराष्ट्र को न बचा सकते हैं, न चला सकते हैं। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में महायुति के नेता श्री एकनाथ शिंदे, श्री देवेंद्र फडणवीस और श्री अजित पवार ही महाराष्ट्र को आगे ले जा सकते हैं**। केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि 20 नवंबर को महाराष्ट्र के लोगों को कमल के निशान पर अपना वोट देना है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि महायुति का हर उम्मीदवार विजयी होकर राज्य में सरकार बनाए।

****************